हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 26 जुलाई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

### प्रति सेकेण्ड 539 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

# मैनपाट में भारी बारिश के बाद छलका घुनघुट्टा बांध, खोले गए सभी आठ गेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में हुई भारी बारिश के बाद मध्य रात्रि श्याम घुनघुट्टा बांध लबालब हो गया तथा बांध का पानी गेट की तरफ से ओवरफ्लो होने लगा। खतरे को देखते हुए रात में ही बांध के सभी आठ गेट खोल दिए गए हैं।

**खास बात**
- पुल का एप्रोच एवं रेलिंग बहने के कारण आवागमन हुआ बंद

मौसम विज्ञानी बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर एवं चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आने वाले समय में भी भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर एवं चक्रवाती परिसंचरण के सक्रिय होने के साथ मानसून द्रोणिका के अपनी सामान्य स्थिति में पहुंचने के कारण गुरूवार से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हो रही है। गुरूवार को देर रात शहर में मूसलाधार बारिश हुई वहीं मैनपाट में दो घंटे से अधिक समय तक अतिभारी वर्षा हुई। भारी बारिश के दौरान ऐसा लग रहा था मानो बादल फट गए हैं। पहाड़ी क्षेत्र होने के बावजूद भारी बारिश ने लोगों को दहला दिया। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान चारों तरफ पानी का तेज बहाव देखकर ऐसा लग रहा था मानो घर-द्वार सबकुछ बारिश में बह जाएगा। दो-ढाई घंटे बाद बारिश की रफ्तार कम हुई तो लोगों ने राहत की सांसें ली। इस दौरान का पानी पहुंचने से नदी-नाले उफान पर आ गए तथा घुनघुट्टा बांध लबालब हो गया। बांध में नदी की तेज धार पहुंचने के कारण बांध ओवर फ्लो होने लगा। खतरे को देखते हुए अधिकारियों को बांध के सभी गेट खोलने पड़े। विभाग द्वारा किनारे के दोनों गेट 45-45 सेमी जबकि बीच के 6 गेट 85 सेमी खोले गए है तथा 539 क्यूसेक प्रति सेकेण्ड की दर से पानी छोड़ा जा रहा है। विभाग के अधिकारी शाम 6 बजे बांध की स्थिति सामान्य बता रहे हैं रात में बारिश के अनुसार पानी निकासी की व्यवस्था करने की बात कह रहे है। देर शाम तक बांध के सभी आठ गेट को खोलकर रखा गया है। बांध के सभी गेट खोलने से घुनघुट्टा नदी उफान पर आ गई है। सुरक्षा को देखते हुए प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को नदी से दूर रहने की समझाइश दी गई है। खर्रा नदी में बुधवार को बहे एक बाइक सवार को तलाशने गुरूवार को पूरे दिन अभियान चलाया गया। इस दौरान बांध के एक गेट हो बंद कर दिया गया था जबकि दूसरे की ऊंचाई कम कर दी गई थी। हालांकि पूरे दिन अभियान चलाने के बावजूद युवक की जानकारी नहीं मिल सकी। मध्यरात्रि भारी बारिश से बांध के पानी का ओवरफ्लो होने पर रात्रि 12 बजे सभी आठ गेट को खोलना पड़ा।

## नवानगर पुल का बहा एप्रोच

भारी बारिश के दौरान मध्यरात्रि अम्बिकापुर-दरिमा मार्ग में ग्राम नवानगर में घुनघुट्टा नदी उफान पर आ गई तथा नदी का तेज रफ्तार पानी पुल के दो मीटर ऊपर तक बहता रहा। मध्य रात्रि सड़क से गुजरने वाले यात्रियों ने बताया रात्रि 12 बजे नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा था तथा पुल के दोनों तरफ 150 मीटर दूर तक पानी भर गया था। इस दौरान कुछ चार पहिया सवारों ने खतरे के बीच पुल से आवागमन भी किया। ग्राम कर्राडांड निवासी दीपक कुर्रे ने बताया कि वह रात्रि 12 बजे दरिमा से बाइक से घर जा रहा था तब पुल पर कम पानी थ लेकिन जैसे ही वह आगे पहुंचा अचानक पानी का बहाव तेज हो गया तथा वह नदी के बहाव में बह गया। किसी तरह तैरकर वह बाहर निकला। दीपक के अनुसार उसके आगे दो बाइक सवार चल रहे थे वे नदी की तेज धार में बह गए या सुरक्षित पुल से निकल गए इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। थाना प्रभारी भरतलाल साहू ने बताया कि अभी तक किसी के लापता होने अथवा नदी में बहने की शिकायत नहीं मिली है। इधर पानी के तेज बहाव में नवानगर पुल का दोनों तरफ का एप्रोच एवं रेलिंग बह गयी है। खतरे को देखते हुए पुल से आवागमन बंद कर दिया गया है। सरपंच जीवन लकड़ा ने बताया कि प्रशासन को स्थिति की सूचना दे दी गई है। लोनिवि के अधिकारियों ने शनिवार को क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत कराने की बात कही है।



## इन क्षेत्रों में भारी वर्षा

इस साल प्रारंभ से ही अच्छी वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अब तक 837.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। बीती रात संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वर्षा हुई है। इस दौरान सूरजपुर जिला अंतर्गत दूरस्थ बिहारपुर तहसील में 120.4 मिमी, भटगांव में 55 मिमी, अम्बिकापुर में 41.7 मिमी, बलरामपुर में 85.2 मिमी, डौरा-कोचली में 98.7 मिमी, रघुनाथनगर में 152 मिमी एवं वाड्रफनगर में 104.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

## भारी वर्षा अवदाब क्षेत्र का प्रभाव

बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब क्षेत्र पश्चिम उड़ीसा एवं झारखण्ड की ओर बढ़ रहा है। अवदाब क्षेत्र का प्रभाव सरगुजा में देखा जा रहा है। अवदाब के प्रभाव से आगामी 48 घंटे में उत्तर छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है।

अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञान

# भारी बारिश के बाद फिल्टर प्लांट में भरा पानी एसईसीएल कॉलोनी की रोकी गई पेयजल सप्लाई

**बिश्रामपुर**। क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।गीली मिट्टी धंसकने से ग्रामीणों के घरों की दीवारें ढहने लगी हैं और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।खासकर एसईसीएल बिश्रामपुर की आवासीय कॉलोनियों में हालात चिंताजनक हो गए हैं,जहां रेड़ नदी के उफान के चलते पानी सप्लाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है।गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र के ग्राम गोरखनाथपुर स्थित फिल्टर प्लांट में शुक्रवार की दोपहर रेड़ नदी का पानी फाउंडेशन तक पहुंच गया, जिससे प्लांट में लगी तीनों मोटरों को चेन पुलिंग के जरिए ऊपर लटकाकर सुरक्षित किया गया है, इस कारण अब एसईसीएल की कॉलोनियों में पानी की सप्लाई अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है।रेड़ नदी के उफान की मुख्य वजह घुनघुट्टा डेम के सभी फाटकों का खोला जाना बताया जा रहा है, इससे आसपास की जलधाराएं भी रफ्तार पकड़ चुकी हैं और निचले इलाकों में खतरा मंडराने लगा है।अगर बारिश का यह सिलसिला यूं ही जारी रहा, तो आने वाले दिनों में और भी गंभीर स्थिति बन सकती है।इसी सिलसिले में एक और घटना जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम करतमा पीपरपारा से सामने आई है, जहां भोला दास मानिकपुरी के घर के आंगन की ईंट की दीवार बीती रात भारी बारिश के कारण भरभरा कर गिर गई,घटना देर रात होने व आसपास किसी ग्रामीण के मौजूद न होने से कोई जनहानि नहीं हुई है।

- ग्राम करतमा-पीपरपारा में ग्रामीण के आँगन स्थित ईंट की दीवार ढही



## किसानों की फसल तबाह, पहुंचे पूर्व मंत्री



मैनपाट में हुई भीषण बारिश के कारण किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ा है। बारिश के कारण समनिया सिकरिया में किसानों की लगभग 100 एकड़ फसल तबाह हो गई है। बारिश के दौरान पहाड़ से पानी अपने साथ मिट्टी और पत्थर लेकर आया जिससे 50 किसानों की धान की फसल तबाह हो गई। किसानों के खेत में मलबा भर गया। इस बीच पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने प्रभावित गांव में पहुंचकर किसानों से मुलाकात की और उनके नुकसान की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने एसडीएम व अन्य अधिकारियों से फोन पर बात कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने हेतु पहल करने की बात कही है।

## उल्टा पानी मार्ग की पुलिया क्षतिग्रस्त



बारिश के तेज बहाव में मैनपाट स्थित मशहूर पर्यटन स्थल उल्टापानी मार्ग की पुलिया का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने से मार्ग से चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद हो गया। भारी बारिश से मैनपाट की अन्य सड़कों एवं पुल-पुलियों को क्षति पहुंची है। बारिश के बाद मैनपाट के झरनों का प्रवाह बढ़ गया है। मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र द्वारा गुरूवार को 122 मिमी वर्षा दर्ज किया गया था जबकि बीती रात 170 मिमी से अधिक वर्षा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पिछले 25 सालों बाद इस तरह की भारी वर्षा हुई है।

## मूसलाधार बारिश में बहा पुल, ग्रामीणों का टूटा संपर्क

डांड़गांव। विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्ही के आश्रित ग्राम हरिहरपुर में बीती रात मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। तेज वर्षा से दर्जनों किसानों की फसल बर्बाद हो गई है, वहीं गांव का मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्राम बैगापारा -हरिहरपुर मार्ग पर स्थित 30 वर्ष पुराना पुल बह गया है। पुल पुराना था और आसपास की जगह पर परसा कोल खदान प्रबंधन द्वारा बड़ी मात्रा में कोयला खनन के पूर्व खुदाई की मिट्टी का भंडारण नदी के दोनों किनारे पर किया गया था। बरसात में मिट्टी धीरे-धीरे नदी में बहती गई और पुल के नीचे से पानी निकलने का रास्ता जाम हो गया। जिस कारण पुल तेज बारिश में बह गया। भारी बारिश से टिकरापारा-इमलीपारा मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। जिला पंचायत सदस्य रैमुनिया करियाम ने प्रशासन से किसानों को फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति देने, क्षतिग्रस्त पुल टिकरापारा-इमलीपारा मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो इसके लिए खदान प्रबंधन की निगरानी बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों से छेड़छाड़ पर रोक लगाने की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### प्रारंभिक परीक्षा में सफलता पाने पर प्रोत्साहन राशि

**अम्बिकापुर**। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना (यथा संशोधित) वर्ष 2010 के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर एक लाख रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। पात्र अभ्यर्थियों से 12 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्रता, शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इस निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर में अंतिम तारीख तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र समय-सीमा में रजिस्टर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है।

### वाहन की टक्कर से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर**। बतौली थाना अंतर्गत ग्राम करदना निवासी मतिया एक्का पति स्व. बीरबल एक्का 23 जुलाई की दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम करदना से अपनी बेटी के यहां पैदल ग्राम देवरी डुमरपारा जा रही थी। जैसे ही ग्राम झरगवां के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल महिला को शांति पारा अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पुत्र जयराम एक्का ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### रंजिश को लेकर ग्रामीण से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर**। घर के सामने बैठे ग्रामीण को गांव के ही एक परिवार के सदस्यों पुरानी रंजिश को लेकर जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम परशुरामपुर निवासी बाबूलाल अगरिया गुरुवार की शाम घर के सामने बैठा था। इसी दौरान गांव के ही सुखसाय अपने पुत्र संजय व दामाद के साथ पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब बाबूलाल ने गाली देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर उसकी बेदम पिटाई कर दी। इधर घटना को देख गांव के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित बाबूलाल ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बहकर रेण नदी में पहुंच गया था युवक का शव, सिंगीटाना से किया गया बरामद

अंबिकापुर। बाइक समेत खर्रा नदी में गिरे दूसरे युवक का शव भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। युवक का शव बहते हुए सिंगीटाना तक पहुंच गया था। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों युवकों के शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। एक साथ दो युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है जबकि युवकों के परिजन सदमे में है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया गया है।

- बाइक समेत खर्रा नदी में गिरे थे दो युवक

बता दें कि बेलखरिखा पलगढ़ी निवासी 20 वर्षीय हिमांशु आ. अमय लाल अपने दोस्त 17 वर्षीय कार्तिकेय सिंह आ. सतेन्द्र सिंह को साथ लेकर 23 जुलाई की रात कलगसा जा जाने के नाम पर निकला था। युवक की मां कलगसा में थी लेकिन दोनों युवक ग्राम कलगसा नहीं पहुंचे थे। 24 जुलाई की सुबह खर्रा नदी में एक युवक का शव बरामद किया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान हिमांशु के रूप में की थी। इसके साथ ही पुलिस को घटना स्थल से युवक की बाइक, एक जोड़ी जूता व एक जोड़ी चप्पल मिला था लेकिन हिमांशु के साथ निकले कार्तिकेय का कोई सुराग नहीं मिला था। ऐसे में पुलिस द्वारा गुरुवार को घुनघुट्टा के गेट को बंद कराकर दिनभर एसडीआरएफ की मदद से सर्च अभियान चलाया गया था लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। शुक्रवार की सुबह लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगीटाना स्थित रेण नदी में युवक का शव बरामद किया गया है। युवक का शव नदी किनारे देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजन के माध्यम से युवक की पहचान कार्तिकेय सिंह के रूप में की है। ऐसे में अब स्पष्ट हो गया है कि युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर खर्रा नदी में गिर गई थी और हादसे में दोनों की मौत हो गई। एक साथ दो युवकों की मौत से गांव में शोक का माहौल निर्मित है। दोनों युवकों के शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। जब युवकों के शव गांव पहुंचे तो लोगों मातम पसर गया। दरिमा थाना प्रभारी भरत लाल साहू ने बताया कि दोनों युवकों के शव बरामद होने के बाद पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है और मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।





एनएच पर दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

# पलटा गिट्टी लोड वाहन, तीन घंटे एनएच 343 रहा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

शुक्रवार को एनएच 343 पर गिट्टी लोड ट्रक के बीच सड़क पर पलट जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बंद हो गया। इस दौरान तीन घंटे से अधिक समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित रहा। आवागमन बंद होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन शुरू कराया। इस दौरान बीच जंगल में जाम में फंसे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बतया जा रहा है कि हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 30 एफ 5617 अंबिकापुर की तरफ से गिट्टी लोड़कर रामानुजगंज की तरफ जा रहा था। इस दौरान दोपहर 12 बजे एनएच 343 पर सेमरसोत और पस्ता के बीच जर्जर सड़क और तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन के पलटने के बाद ट्राला में लोड गिट्टी बीच एनएच पर फैल गया जिससे मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सडक पर बंद होने की जानकारी लोगों ने पुलिस व हाईवे पेट्रोलिंग को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया और दोपहर 3 बजे आवागमन शुरू हुआ। इस दौरान एनएच 343 पर सड़क के दोनों ओर यात्री बसों, ट्रक, चार पहिया वाहनों की कतार लग गई और लोग जंगल में घंटों खाने पीने जैसी परेशानी से जूझते रहे। बड़ी बात यह है कि एनएच पर जर्जर सड़क के कारण आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

- सड़क के दोनों ओर लगी वाहनों की कतार

### अब तक बरामद नहीं हुई एंबुलेंस, हरिभूमि ने किया था खुलासा

# एंबुलेंस चोरी के मामले में धराया संदेही , पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से एम्बुलेंस चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी युवक एम्बुलेंस का ही चालक है। चालक ने खुद ही एम्बुलेंस की चोरी की थी। हालांकि फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है और चोरी हुआ एम्बुलेंस बरामद करने का प्रयास जारी है।

बता दें की राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के नकिपुरिया वार्ड परिसर से एक एंबुलेंस चोरी होने का मामला सामने आया था। एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 02-6563 के 13 से 16 जुलाई के बीच चोरी होने की संभावना जताई जा रही थी। इस दौरान कंपनी के लोग संजीवनी 108 एंबुलेंस के लिए ईएमटी और पायलट भर्ती करने में व्यस्त थे। कंपनी के सरगुजा प्रभारी डीएम संदीप यादव ने 17 जुलाई को इस एंबुलेंस चोरी की शिकायत मणिपुर थाना में की थी। एंबुलेंस चोरी के मामले का सबसे पहले हरिभूमि ने 22 जुलाई के अंक में किया था जिसके बाद शासन प्रशासन में हड़कंप मचा। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही थी और अब यह जानकारी सामने आई है कि पुलिस ने एम्बुलेंस चोरी चोरी के मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है। पकड़ा गया युवक चोरी हुई एंबुलेंस का ही चालक है और पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे हिरासत में लिया है जिसके बाद एंबुलेंस चालक ने अपना जुर्म भी स्वीकार कर लिया है लेकिन फिलहाल एंबुलेंस बरामद नहीं हो पाया है। एंबुलेंस चोरी करने के बाद इसके कबाड़ में बेचे जाने की भी सम्भावना जताई जा रही है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं अधिकारी भी फिलहाल पूरी जानकारी देने से बच रहे है। अधिकारियों का कहना है कि एंबुलेंस बरामद होने के बाद ही स्थिति साफ़ होगी।


नकिपुरिया वार्ड के पास थी खड़ी, अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में
मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से चोरी हो गई संजीवनी 108 एम्बुलेंस
चल रही है जांच
मिली है सूचना
स्टेयरिंग टाइट होने के कारण थी खड़ी
कंपनी के लोग भर्ती में थे व्यस्त
अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में

## चल रही है पूछताछ

हमने एक संदेही को पकड़ा है और मामले में पूछताछ जारी है। एम्बुलेंस को भी बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही इस मामले की जानकारी दी जाएगी।

-राजेश अग्रवाल, एसएसपी

## खबर संक्षेप

### पर्यटन सम्मेलन का आयोजन आज

**अनूपपुर।** रीवा एवं शहडोल संभाग के क्षेत्रीय पर्यटन सम्मेलन पर्यटन कॉन्कलेव का आयोजन 26 एवं 27 जुलाई को रीवा के कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्य कार्यक्रम 26 जुलाई को दोपहर 2 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में किया जाएगा। इस कॉन्कलेव का उद्देश्य विंध्य क्षेत्र विशेष कर रीवा एवं शहडोल संभाग में पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और पर्यटन अधोसंरचनाओ एवं सेवाओ के समग्र विकास के साथ पर्यटकों को आकर्षित करना है। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला सहित प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रीगण तथा अतिथि शिरकत करेंगे।

### मिठाई खिलाकर बच्चों को वितरित की गई किताबें



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कोथारी में विद्यालय प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोथारी के सरपंच एवं एसएमडीसी अध्यक्ष राजन यादव और जनपद सदस्य आनंद सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि राजन यादव और प्राचार्य श्रीकांत लांजेवार ने बच्चों को मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की और शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को स्कूल से जोड़ना और शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। पूरे आयोजन के दौरान माहौल उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक बना रहा। विद्यालय के शिक्षक अविनेश नामदेव, सुखदेव, कमला खेस, खुशबू मजूमदार, पूजा जायसवाल, सुषमा मिनोचा, नेहा डडसेना, ठाकुर प्रसाद, रघुराज सिंह, विजय सिंह, नूतन कुजूर, पारसनाथ यादव, परमेश्वर साहू समेत समस्त स्टाफ का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

## जरूरतमंद होते हैं परेशान, प्रशासन को ध्यान दिए जाने की जरूरत

# लाखों खर्चः नहीं मिल रहा वाटर एटीएम का लाभ



पटना में बंद वाटर एटीएम।



जमगहना में बंद वाटर एटीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले से शुरू वाटर एटीएम योजना कोरिया में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण दम तोड़ रही है।

कोरिया नीर वाटर एटीएम के नाम से प्रदेश का पहला वाटर एटीएम एक दशक पूर्व कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में स्थापित किया गया, इसके बाद शहर के कई जगहों के अलावा जिले केकई स्थानों पर कोरिया नीर वाटर एटीएम लगाया गया, इसके अलावा प्रदेशभर में वाटर एटीएम लगाने का कार्य किया गया। अब स्थिति यह है कि जहां से वाटर एटीएम की शुरूआत हुई, वहीं वाटर एटीएम लापरवाही की भेंट चढ़ गई। इसके चलते शहर में ही कुछ वाटर एटीएम स्थापित होने के बाद से बंद पड़े हैं, उनके शुरू करने को लेकर संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। शहर ही नहीं बल्कि जिलेभर में लाखों रूपए खर्च कर स्थापित कोरिया नीर वाटर एटीएम दम तोड़ रहे हैं। एक बार कही का वाटर एटीएम खराब हो गया तो फिर सुधार करने में महीनों बीत जा रहे हैं, लेकिन सुधार कार्य नहीं हो रहा है, इसके चलते क्षेत्र के लोगों को लाखों खर्च करने के बाद भी कोरिया नीर वाटर एटीएम का लाभ नहीं मिल रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि शहर सहित जिले के जिन भी स्थानों पर वाटर एटीएम बंद पड़े हैं, उन्हें सुधार कर सुचारू रूप से संचालित करने की दिशा में कदम उठाने की जरूरत है।

### जिले के कई जगहों पर बंद पड़े हैं वाटर एटीएम

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के शहरी क्षेत्रों के अलावा कई प्रमुख ग्रामीण अंचल में भी लाखों रूपए खर्च कर कोरिया नीर वाटर एटीएम की स्थापना की गई, लेकिन वर्तमान समय में कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ही कुछ एटीएम बंद पड़े हैं,वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कई वाटर एटीएम महीनों से बंद पड़ा है। जानकारी के अनुसार वाटर एटीएम के देख-रेख एवं संचालन की जिम्मेदारी पीएचई विभाग को सौंपी गई है, लेकिन पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, इसके चलते ही जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य प्रमुख स्थानों पर स्थापित वाटर एटीएम बंद पड़े गांव की शोभा बढ़ा रहे हैं और इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

### क्षतिग्रस्त होने लगी यहां की वाटर एटीएम

एनएच 43 मुख्य मार्ग किनारे ग्राम जमगहना में भी लाखों खर्च कर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा को लेकर वाटर एटीएम कोरिया नीर स्थापित किया गया था। वर्तमान में ग्राम जमगहना में स्थापित वाटर एटीएम बंद पड़ा हुआ है। वाटर एटीएम का एक ओर का आधा शटर खुला है, लेकिन यह चालू हालत में नहीं और स्थापित वाटर एटीएम क्षतिग्रस्त भी हो गया है। रख-रखाव पर संबंधित विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हो गई।



# झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कई दिनों से क्षेत्र में बारिश की गतिविधियां थम सी गई थी, इसके चलते उमस भरी गर्मी से लोगों को हलाकान होना पड़ रहा था।

■ उमस भरी गर्मी से मिली राहत

इसी बीच गुरूवार की रात्रि में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई, इसका असर यह रहा कि दूसरे दिन उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई। वहीं दूसरे दिन दोपहर बाद से जिले के कई क्षेत्रों में कुछ देर की जमकर बारिश हुई। इस दिन शहर में अपरान्ह 4:30 बजे उमड़ते-घूमड़ते बादल जमकर झमाझम बरसे। कुछ देर की बारिश से शहर तरबतर हो गया। बारिश के चलते कुछ देर के लिए सड़कों पर आवागमन कम हो गया। वहीं जमकर हुई कुछ देर की बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया और हवाओं में ठंडक घुल गई। इस दिन शहर सहित बैकुंठपुर जनपद क्षेत्र के कई ग्रामीण अंचल के साथ सोनहत जनपद क्षेत्र के कई क्षेत्रों में अपरान्ह के समय झमाझम बारिश हुई। इस वर्ष अब तक अच्छी बारिश के चलते खेतों में धान का रोपा लगाने के लिए सुबह होने के साथ ही ग्रामीण परिवार खेतों में पहुंच कर रोपा लगाने के काम में जुट रहे हैं। अच्छी बारिश के चलते ही इस बार जुलाई के मौसम में ही ज्यादातर क्षेत्रों में धान रोपाई का कार्य पूरा कर लिया गया है।

# स्कूल परिसर में साफ की गई शराब की बोतलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

हरिभूमि इम्पैक्ट



शहर के शासकीय आदर्श रामानुज उमावि परिसर के पास संचालित प्रतिष्ठित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भवन के किनारे हिस्से में कई शराब की बोतले मिलने की खबर प्रकाशन के बाद नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई की गई। विदित हो कि हरिभूमि ने 24 जुलाई को प्रकाशित अंक में शहर के मध्य स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों के द्वारा शराबखोरी की खबर का प्रकाशन किया था। इस पर संज्ञान लेने के बाद नगर पालिका कर्मियों के द्वारा उक्त विद्यालय भवन के एक किनारे हिस्से में फेंकी गई शराब की बोतलों को एकत्र कर परिसर की साफ-सफाई की गई। उल्लेखनीय है कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय मिनी स्टेडियम परिसर में संचालित है और शाम ढलने के साथ ही असामाजिक तत्वा मिनी स्टेडियम परिसर के अलावा उक्त विद्यालय के किनारे हिस्से में बनी सीढ़ियों में बैठकर नशाखोरी करते हैं। शाम ढलने के बाद उक्त क्षेत्र पूरी तरह से सूना हो जाता हैं और इसके चलते नशा करने वाले असामाजिक तत्वों के लिए यह जगह सुरक्षित होता है। इसी का फायदा उठाकर अक्सर असामाजिक तत्व मिनी स्टेडियम एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय के भवन के किनारे हिस्से में बैठकर शराब एवं अन्य नशे का उपयोग करते हैं।

### कलेक्टर ने चंगेरी आंबा केन्द्र का किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत चंगेरी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए बच्चों के पंजीयन, पोषण आहार वितरण, स्वच्छता एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से प्राप्त की।

कलेक्टर श्री पंचोली आंगनबाड़ी में पंजीकृत बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि केन्द्र में कुल 35 बच्चे पंजीकृत हैं। कलेक्टर श्री पंचोली ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की संख्या तथा उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार की जानकारी भी ली।

# बालगृह के बालक को मिला दिल्ली से विशेष आमंत्रण

**बैकुण्ठपुर।** बालगृह (बालक) बैकुण्ठपुर में निवासरत बालक को 15 अगस्त को दिल्ली के लालकिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बुलाया गया है।

■ लालकिले आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में होगा शामिल

महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को दिल्ली के लालकिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रदेश के 9 प्रतिभागियों को अवसर मिला है, इनमें से बालक भी शामिल है। संबंधित बालगृह के संरक्षण में रहते हुए शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में उसने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर बालगृह सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में वाणिज्य संकाय से कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत है और चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई ने जानकारी दी है कि संस्था में आने के समय बालक की पारिवारिक स्थिति कमजोर थी, किंतु बालगृह में दी जा रही काउंसिलिंग, केयर प्लान, नियमित स्वास्थ्य जांच और शिक्षकीय सहयोग से बालक के व्यक्तित्व और सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। आकाश की रुचि पेंटिंग, नृत्य और कंप्यूटर जैसे क्षेत्रों में भी है, जिसमें उसका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। योग ओलंपियाड में उसने लगातार तीन वर्षों तक राज्य स्तर पर जिले एवं संभाग का प्रतिनिधित्व किया, इसके अलावा उसने कोरबा में एनसीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर जूनियर एनसीसी कमांडर के रूप में 15 अगस्त 2024 और 26 जनवरी 2025 को भरतपुर-सोनहत विधानसभा के विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के समक्ष परेड में भाग लेकर सलामी दी। उसकी इन उपलब्धियों को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा उसे सम्मानित भी किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एसएन रावटे ने बालक आकाश को दिल्ली आमंत्रण के लिए शुभकामनाएं दीं।

### जिले में अब तक 582.4 मि.मी. वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 40.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 740.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 24 जुलाई तक जिले में कुल औसत 582.4 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 602.4 मिमी, खड़गवां में 486.8 मिमी, चिरमिरी में 537.7 मिमी, केल्हारी में 464.5 मिमी, भरतपुर में 663.1 मिमी और कोटाडोल में 740.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य मिशन की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ एनआरसी व एचआरपी में लापरवाही पर सीडीपीओ पर जताई




जिला स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में एनआरसी पोषण पुनर्वास केन्द्र की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण और चिकित्सा सुविधा देकर सामान्य श्रेणी में लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एनआरसी में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी पोषण शिक्षा और परामर्श दिया जाना चाहिए। कलेक्टर ने उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) के मामलों की नियमित निगरानी, विशेष रूप से हर माह 9 तारीख को होने वाली जांच में प्राथमिकता से चिन्हांकन व उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की उपेक्षा से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा की, धीमी प्रगति पर बैकुंठपुर के बाल विकास परियोजना अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई गई। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण और उच्च जोखिम गर्भावस्था के मामलों में सुधार हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन विभागीय निष्क्रियता चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सुधार नहीं हुआ तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएंः कलेक्टर

कलेक्टर ने आयुष्मान भारत और वय वंदन कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए सोनहत, पटना, बचरा-पोड़ी और बैकुंठपुर के ब्लॉक प्रोग्राम प्रबंधकों को 30 जुलाई तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित आधार शिविरों में लाभार्थियों को पहुंचाकर कार्ड बनवाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने को कहा।

### कार्यालय समय पर पहुंचे

कलेक्टर ने सभी सामुदायिक, प्राथमिक व उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत कर्मियों की आधार आधारित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिए और कहा कि अगली बैठक भी दोनों विभागों की संयुक्त उपस्थिति में की जाएगी।

### पीएम मातृ वंदना योजना के तहत 31 तक पंजीयन

**बैकुण्ठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांतर्गत 15 से 31 जुलाई तक जिले में विशेष पंजीयन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कर उन्हें योजना का लाभ पहुंचाना, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सके। इस योजना के अंतर्गत गर्भावस्था के दौरान आय में संभावित क्षति की आंशिक पूर्ति के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह लाभ केवल पहली और दूसरी संतान तक सीमित है। प्रथम संतान पर 5000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें पहली किस्त 3000 और दूसरी किस्त 2000 रूपए होती है। द्वितीय संतान यदि बालिका हो, तो 6000 रूपए की एकमुश्त राशि दी जाती है।

### युवक को 3 भालुओं ने किया घायल

**जनकपुर।** शौच के लिए घर के नजदीक जंगल गया एक युवक को तीन भालुओं ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन ने घायल युवक को इलाज के लिए जनकपुर अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए शहडोल रिफर कर दिए। वहीं घटना की सूचना मिलने पर बहरासी वन परिक्षेत्राधिकारी इंद्रभान पटेल अस्पताल पहुंचकर घायल के परिजन को 5 हजार रूपए की तत्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को ग्राम रांपा के सनोहरपारा निवासी दिलीप सिंह पिता इंद्रपाल सिंह गोड़ उम्र 21 वर्ष गांव से लगे हुए बहरासी वन परिक्षेत्र अंतर्गत रांपा बीट के जंगल में शौच के लिए गया था। इसी दौरान पास के झाड़ियों से अचानक तीन जंगली भालू बाहर निकले और दिलीप सिंह के ऊपर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विन्दवासनी प्रसाद गुप्ता आ. स्व. रामचन्द्र गुप्ता निवासी सदर रोड अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम अम्बिकापुर प.ह.न.-15 तहसील अम्बिकापुर स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 2392/7 रकबा 0.017 हे., 2392/8 रकबा 0.018 हे., 2393/24 रकबा 0.013 हे. में से रकबा 0.002 कुल प्लाट 03 कुल रकबा 0.037 हे. भूमि को अनावेदक प्रकाश गुप्ता पिता विन्दवासनी प्रसाद गुप्ता निवासी सदर रोड अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के पक्ष में दान करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 06.08.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नवीन केडिया (NAVEEN KEDIA) आ. ओम प्रकाश केडिया (OM PRAKASH KEDIA) निवासी-एम.जी. रोड. पंजाब गार्डन के सामने पटपरिया, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मैं नवीन केडिया (NAVEEN KEDIA) आ. ओम प्रकाश केडिया (OM PRAKASH KEDIA) अपनी पुत्री का नाम परिवर्तन हेतु सूचना देता हूं। कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम श्रीशा केडिया (SHRISHA KEDIA) पिता- नवीन केडिया (NAVEEN KEDIA) 02 वर्ष है। परन्तु आधार कार्ड में मेरी पुत्री का घरेलू पुकारू नाम शयला केडिया (SHYLA KEDIA) पिता नवीन केडिया (NAVEEN KEDIA) दर्ज हो गया है। आधार कार्ड में शयला केडिया (SHYLA KEDIA) पिता नवीन केडिया (NAVEEN KEDIA) दर्ज होने के कारण मेरी पुत्री के स्कूल में एडमिशन व आपार आई.डी. बनने में दिक्कत हो रही है, इस हेतु नाम परिवर्तन की वैधानिक कार्यवाही मेरे द्वारा संचालित की जा रही है। उपरोक्तानुसार आधार कार्ड में मेरी पुत्री का घरेलू पुकारू नाम शयला केडिया (SHYLA KEDIA) के स्थान पर मेरी पुत्री का वास्तविक नाम श्रीशा केडिया (SHRISHA KEDIA) पिता- नवीन केडिया (NAVEEN KEDIA) संशोधन (नाम परिवर्तन) किया जाये।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित करता हूं।

**भवदीय**
**नवीन केडिया**
**आ. ओम प्रकाश केडिया**
निवासी-एम.जी. रोड पंजाब गार्डन के सामने अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)






















## खबर संक्षेप

### वेतनमान की याचिका में उच्च न्यायालय ने सुनाया वीरेन्द्र के पक्ष में फैसला

**रामानुजनगर।** शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी न्यायिक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करते हुए, सरगवां एवं रामानुजनगर निवासी वीरेंद्र कुमार आ. स्व. अमीर चंद शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ललमटिया, विकासखंड उदयपुर ने बिलासपुर उच्च न्यायालय में अपनी दूसरी बड़ी जीत दर्ज की है। श्री कुमार द्वारा क्रमोन्नत वेतनमान की वैधानिक मांग को लेकर दायर याचिका पर उच्च न्यायालय ने उनके पक्ष में निर्णय सुनाया। यह फैसला न केवल उनके लिए, बल्कि राज्यभर के शिक्षकों के लिए भी एक प्रेरणादायक मिसाल बन गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह जीत सत्य की जीत है। शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के हक और अधिकारों की इस तरह की न्यायिक पुष्टि आने वाले समय में अनेक समान प्रकृति के मामलों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगी।

### महुआ शराब बनाने व बिक्री करने वाले पर ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**रामानुजनगर।** क्षेत्र में अवैध महुआ शराब भट्ठियों का जाल खालपारा से लेकर ऊपर पारा एवं आसपास क्षेत्रों में दिन-प्रतिदिन फैलता जा रहा है। लेकिन आबकारी विभाग की कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित रह गई है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर नशे की लत, अपराध और सामाजिक विघटन की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने महुआ शराब बनाने तथा बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम पंचायत रामानुजनगर के आस-पास के क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण और बिक्री का धंधा खुलेआम फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में भट्ठियां रात के अंधेरे में सक्रिय हो जाती हैं और स्थानीय युवाओं को इस अवैध कार्य में शामिल किया जा रहा है। इससे न केवल स्वास्थ्य को खतरा है, बल्कि सामाजिक संरचना भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कई बार अधिकारियों को सूचित किया गया, लेकिन हर बार केवल प्रतीकात्मक छापेमारी कर ली जाती है। ऐसे में महुआ शराब बनाने तथा बिक्री करने वालों के हौसले बुलंद है।

### तीन दिन बाद भी मृतिका की नहीं हुई पहचान

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के साथ कोई परिजन नहीं होने पर पुलिस लाश को पहचान के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा। तीन दिन बाद भी मृतिका की पहचान नहीं हो सकी है। अस्पताल के पुलिसकर्मियों के मुताबिक 19 जुलाई की दोपहर अज्ञात 65 वर्षीया महिला प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप गंभीर हालत में पड़ी थी। सूचना पर डायल 112 की टीम ने महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान 22 जुलाई को महिला की मौत हो गई। महिला के साथ कोई परिजन नहीं होने पर पुलिस ने मृतिका की पहचान के लिए लाश मरच्यूरी कक्ष में रखा है। तीन दिन बाद भी मृतिका की पहचान नहीं हो सकी।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 27 जुलाई को छग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ



डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, पेट एवं आँत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, श्वास,छाती, एलर्जी एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके साहू, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, यूरोलॉजी रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश अग्रवाल, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया, ब्रेन एवं स्पाईन एण्ड एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।




## शहर सहित आसपास क्षेत्रों में खपाते हैं इमारती लकड़ी

# बतौली क्षेत्र में एक बार फिर सक्रिय हुए उत्तर प्रदेश के लकड़ी तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

बतौली क्षेत्र में कीमती इमारती लकड़ी की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा। आलम यह कि क्षेत्र के जंगलों से बड़ी संख्या में इमारती लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि घटना की जानकारी वन विभाग सहित राजस्व विभाग को नहीं है बावजूद इसके कार्रवाई के अभाव में लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद हो गए है। हालांकि पिछले माह वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने न सिर्फ कार्रवाई की बल्कि तीन ट्रैक्टर अवैध लकड़ी को जब्त किया था। लेकिन पुलिस विभाग में फेरबदल होने के बाद अब क्षेत्र में एक बार फिर लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है जो विभागीय साठ गांठ से हर रोज भरी बरसात में रात्रि के समय ट्रक में लदे इमरती लकड़ी उत्तरप्रदेश भेजे जा रहे है।

**खास बात**

- गांव के लोगों को झांसे में लेकर कटवाते है पेड़

जिले के जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी बदस्तूर जारी है। बतौली, लुण्ड्रा, सीतापुर क्षेत्र से सेमर, नीलगिरी पेड़ो की कटाई कर लकड़ियों का तस्करी लगातार कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों से खसरा ,बी वन निकलवा उनके इमरती लकड़ी को कौड़ी के भाव खरीद कर तस्कर अपनी जेबे गरम करने में लगे हुए है। तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने कम आते है परंतु गांव के लोगों को कुछ घंटों में मोटी राशि कमाने का झांसा देकर काम पर लगा देते है। जंगल की कटाई कर कीमती लकड़ी को औने-पौने दाम पर लकड़ी तस्करों को बेच देते है। कम समय में अधिक आमदनी होने के लालच में क्षेत्र में लकड़ी तस्करों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है जो जंगल के पेड़ काट आसपास क्षेत्रों में कीमती लकड़ी खपाने में लगे हुए है। लकड़ी तस्कर के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि अधिकारियों की नाक के नीचे से इमारती लकड़ियों का अवैध परिवहन रातों रात दूसरे राज्यों में धड़ल्ले से किया जा रहा है। क्षेत्र से लगातार हो रही लकड़ी तस्करी पर अंकुश लगाने पिछले दिनों वन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई शुरू की जिसके बाद बतौली थाना में पदस्थ सब इंस्पेक्टर संजय नाथ तिवारी ने लकड़ी लोड ट्रैक्टर को जब्त कर वन विभाग के सुपुर्द किया था। पुलिस व वन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई करने के बाद क्षेत्र में काफी हद तक लकड़ी तस्करी कम हो गई लेकिन पुलिस विभाग द्वारा फेरबदल होने से कई पुलिसकर्मियों का तबादला दूसरे क्षेत्र में होने से अब क्षेत्र में फिर से न सिर्फ लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है बल्कि हर रोज शहर सहित आसपास क्षेत्र में खपाना शुरू कर दिए है। बड़ी बात तो यह है कि पेड़ों की सुरक्षा एवं पर्यावरण सुधारने की जिम्मेदारी निभाने वाले वन अधिकारी तस्करों से पूछताछ करने तक की जरूरत महसूस नहीं कर रहें हैं। ऐसे में क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है जो बेखौफ होकर गैर इमारती लकड़ी की आड़ में इमारती लकड़ी का परिवहन करने में लगे हुए है।



काट कर रखी गई लकड़ी।

### पर्यावरण को पहुंचा रहे नुकसान

एक तरफ लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण से चिंतित केंद्र व राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने जागरूक कर रही है तथा अभियान चलाकर लोगों को पौध रोपण करने के लिए प्रेरित कर रही है। वहीं दुसरी तरफ लकड़ी तस्कर बेखौफ होकर निजी व शासकीय भूमि के हरे भरे पेड़ों की बलि चढ़ा कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे है।

#### दूसरे राज्यों में खपा रहे लकड़ी

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में हरे भरे पेड़ों को बिना अनुमति काटकर बड़े पैमाने पर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस व सेमर सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काटे जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो इन लकड़ियों के आड़ में इमारती लकड़ियों की तस्करी भी बृहद पैमाने पर हो रही है।

#### ग्रामीणों को देते है पैसे का लालच

बतौली क्षेत्र के ग्रामीण पहाड़ी इलाकों में तस्करों की नजर बनी हुए है। तस्करों द्वारा लगातार अभियान चला कर ग्रामीणों को पैसे का लालच देकर बिना किसी शासकीय आदेश के नीलगिरी, खम्हार, सेमर और चोरी छिपे सराई के इमारती लकड़ियों की तस्करी ट्रकों में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है। तस्कर द्वारा ग्राम कपाट बहरी में ग्रामीणों के पैसे भी लकड़ी लेने के बाद नहीं देते है।

#### अवैध कटाई को रोका जाएगा

क्षेत्र में हो रहे अवैध पेड़ो की कटाई को रोका जाएगा। साथ ही लकड़ी तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करवाया जाएगा।

-देवनाथ सिंह
भाजपा जिला महामंत्री

#### की जाएगी कार्रवाई

क्षेत्र से अवैध लकड़ी की तस्करी की जा रही है तो तत्काल टीम भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-तारा सिदार, तहसीलदार बतौली

## सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथयात्रा का आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



श्री सत्य साईं प्रेमप्रवाहिनी रथयात्रा श्री सत्य साईं सेवा संगठन भारत द्वारा आयोजित श्री सत्य साईं बाबा के दिव्य आगमन की शताब्दी समारोह के निमित्त प्रसार के लिए श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ का आगमन नगर में हो रहा है।

रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रेम, एकता और मानवता का सेवा का संदेश पूरे भारतवर्ष में प्रसारित करना है।श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा 26 जुलाई को बैकुंठपुर, सूरजपुर, सतपता होते हुए कुम्दा कॉलोनी से वापस रात्रि में साईं मंदिर बिश्रामपुर पहुंचेगी। 27 जुलाई को दोपहर 1 बजे साईं मंदिर से रथ यात्रा सह शोभा यात्रा के रूप में प्रस्थान कर नगर के आरटीआई कॉलोनी, बस स्टैंड, हनुमान मंदिर,अंबेडकर चौक से वापस अय्यप्पा मंदिर, जगन्नाथ मंदिर होते हुए साईं मंदिर में स्वागत एवं भगवान का 56 भोग पश्चात प्रसाद वितरण की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है।रथ यात्रा का बिश्रामपुर में गायत्री शक्तिपीठ, हनुमान मंदिर, अय्यप्पा मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर में आरती कर भव्य स्वागत किया जायेगा।28 जुलाई को रथयात्रा प्रातः 10 बजे तेलईकछार, जयनगर, कुंजनगर, हर्राटिकरा, कंदरई, सपकरा से डेडरी होते हुए साईं धाम बिश्रामपुर पहुंचेगी। 29 जुलाई को रथयात्रा सिलसिली, अजबनगर होते हुए अंबिकापुर पहुंचेगी, जहां से 30 जुलाई को साईं बाबा कॉलेज से वाड्रफनगर होते हुए उत्तर प्रदेश प्रस्थान करेगी।

### कलाम खान गौसिया अंजुमन कमेटी के बने सदर

**भैयाथान।** ब्लॉक मुख्यालय स्थित गौसिया अंजुमन कमेटी का सदर कलाम खान को चुना गया है। मुस्लिम समाज की बैठक में सर्वसम्मति से कलाम खान को अंजुमन कमेटी का सदर चुना गया। चुनाव उपरांत समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके पूर्व नूर आलम सदर का दायित्व निभा रहे थे समाज के लोगों ने नूरे अंजुमन कमेटी का नाम बदलकर गौसिया अंजुमन कमेटी रखने का निर्णय लिया। नए सदर कलाम खान ने कहा कि समाज के लोगों द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निभाने की पूरी कोशिश करूंगा और सभी के साथ मिलकर समाज के लिए काम करूंगा। इस दौरान काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।



## केतकी खदान की क्रमिक भूख हड़ताल समझौते के बाद समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के एमडीओ मोड से संचालित केतकी खदान में एसकेएमएस

- भूख हड़ताल में बैठे ठेका श्रमिकों को केतकी खदान मैनेजर व एसएमएस कम्पनी के एचआर ने जूस पिलाकर आंदोलन समाप्त कराया



एटक के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों की 9 सूत्रीय मांग को लेकर चल रही क्रमिक भूख हड़ताल के चौथे दिन क्षेत्रीय प्रबंधन, एसएमएस कंपनी एवं ठेका मजदूरों के मध्य आपसी हितकारी समझौते व सहमति बनने उपरान्त समाप्त हो गई है।

गौरतलब है कि केतकी भूमिगत खदान में एटक यूनियन नेतृत्व में ठेका मजदूरों की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल पश्चात आमरण अनशन आंदोलन किया जा रहा था।आंदोलन के चौथे दिन बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक की मध्यस्थता में बैठक आयोजित की गई,उक्त बैठक में बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एसकेपी शिंदे,एचआर हरेन्द तिवारी,केतकी खदान के मैनेजर विनम्र जैन,नागपुर महाराष्ट्र से आए एसकेएमपीएल के एचआर हेड निशांत बोरे, नरेश नागपुरे, एटक यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग,कार्यवाहक अध्यक्ष वीसी जैन, आरके द्विवेदी, सलमान खान, पोड़ी तथा जोबगा गांव के सरपंच हितेंद्र सिंह मरकाम, अजय पोर्ते, संत लाल, सोमार साय सहित 20 ठेका श्रमिक सम्मिलित हुए।करीब 2 घंटे चले बैठक के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ठेकेदार द्वारा काम से बिठाए गए करीब 15 ठेका श्रमिकों को शीघ्र ही पुनः काम पर लिया जाएगा,ठेका श्रमिकों को हाई पावर कमेटी द्वारा तय वेतन का भुगतान होगा, किसी भी ठेकेदार द्वारा श्रमिकों से पैसा वापस नहीं लिया जाएगा, अगर ऐसी शिकायत मिलती है तो तत्काल ठेकेदार का ठेका रद्द करने उचित कार्यवाही की जाएगी,हर माह ठेका श्रमिक को वेतन पर्ची प्रदान की जाएगी, ठेका श्रमिकों के आश्रितों बच्चो को चिकित्सा तथा शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी,खदान में रोजगार की आवश्यकता होने पर खान प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार प्रदान किया जाएगा, एसकेएमपीएल के अधीन रैली ग्रुप कंपनी में कार्यरत ठेका श्रमिक को सीएमपीएफ राशि का भुगतान हेतु दावा सीएमपीएफ कार्यालय जबलपुर भेज दिया गया है, अवंती इलेक्ट्रिकल में कार्यरत ठेका श्रमिकों को एरियर एवं बोनस राशि का भुगतान यदि बकाया होगा तो भुगतान किया जाएगा। केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों को एचपीसी वेज का भुगतान हेतु एसईसीएल मुख्यालय से दिशा निर्देश प्राप्त होने पर किया जाएगा। समझौता व सहमति बनने के बाद केतकी खदान के मैनेजर एवं एसएमएस कंपनी के एचआर ने क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे ठेका श्रमिकों को जूस पिलाकर आंदोलन को समाप्त कराया।

### मवेशी से टकराए बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सलका मुख्य मार्ग पर बाइक सवार मवेशियों से टकरा गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरे घायल का बैकुंठपुर जिला अस्पताल में उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम टेगनी निवासी रामजीत आ. अमर साय (45 वर्ष) गुरुवार को गांव से एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक से बैकुंठपुर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सलका मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी रास्ते में मवेशियों से टकरा कर सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों ग्रामीण घायल हो गए। घायलों को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने रामजीत की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज तड़के 5 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




### छात्रों की समस्याओं का निराकरण करने एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय में प्रबंधन की लापरवाही से छात्र छात्राओं को हो रही परेशानियों को लेकर एनएसयूआई के नवनियुक्त विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने कुलपति से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के 2023-24 का बी प्रमाण पत्र अभी तक छात्रों को नहीं मिल पाया है जिससे छात्र परेशान है। बीसीए तृतीय वर्ष एवं अन्य संकाय के परिणाम में कई छात्रों को शून्य दिया है ऐसे में उन परिणामों को पुनर्मूल्यांकन करवा कर पुनः परिणाम घोषित किए जाए। उन्होंने बताया कि यूएफम आए छात्रों की समिति तत्काल बनवा कर उनके परिणाम में सुधार करने की मांग की गई है। इसके साथ ही पुनर्मुल्यांकन के परिणाम में देरी के कारण कई छात्र छात्राओं ने पूरक परीक्षा के भर देते है। विवि के परीक्षा सत्र 2022-23, 2023-24 में जो छात्र पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण हो चुके है उनका पूरक परीक्षा फॉर्म का शुल्क अब तक उनके खातों में ट्रांसफर नहीं किया गया हा। छात्र संगठन ने छात्रों के शुल्क वापस करने कि मांग कि है। वहीं छात्र छात्राओं को छोटे छोटे काम के लिए विवि के चक्कर लगाने पड़ रहे है जबकि ये काम महाविद्यालय स्तर पर हो सकते है। एनएसयूआई ने छात्र हित में प्राचार्यों को निर्देशित करने की मांग की है ताकि छात्र छात्राओं को परेशान ना होना पड़े। इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल, जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल, जिला महासचिव गौतम गुप्ता, धीरज गुप्ता, अंकित जायसवाल, अभिनव काशी एवंअन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### निविदा निरस्त करने को लेकर पार्षद ने ननि आयुक्त को भेजा नोटिस

**अंबिकापुर।** नगर निगम में तकनीकी कारणों का हवाला देकर 3.34 लाख के कार्यों की निविदा को निरस्त करने का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस मामले में नगर निगम के पार्षद शुभम जायसवाल ने अधिवक्ता के माध्यम से ननि आयुक्त को कानूनी नोटिस भेजा है और निविदा निरस्त करने का जवाब मांगा है। ननि के वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद शुभम जायसवाल अधिवक्ता संतोष सिंह के माध्यम से नगर निगम आयुक्त को कानूनी नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यो के लिए बुलाई गई निविदा को निर्धारित तिथि को खोलने या तीन दिन के भीतर निविदा निरस्त करने का स्पष्ट कारण न बताने बताने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। नोटिस में कहा गया है कि निगम ने तीन करोड़ 3 करोड़ 34 लाख 77 हजार कामो की निविदा आमंत्रित की थी। निविदा की शर्तों के अनुसार निविदा फार्म बेचकर निगम ने 6 लाख 81 हजार की आय अर्जित की। 23 जुलाई को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि थी। बिना किसी कारण के राजनीतिक दबाव में 22 जुलाई को निविदा निरस्त कर दिया गया। अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र में सीसी रोड, नाली और सड़क मरम्मत का काम जनहित में किया जाना अत्यंत आवश्यक था जिससे नागरिकों की आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। निविदा खोलने की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित है इसलिए तय तारीख को निविदा खोलकर आगामी कार्यवाही करने नही करने की स्थिति में न्यायालयीन कार्यवाही करने की बात कही है।

### सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**सूरजपुर।** शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं के जमा होने की समस्या काफी बढ़ती जा रही है जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं तथा आवारा मवेशियों से हो रही है परेशानी से निजात दिलाने की मांग को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। सौपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा पशु जिले में वर्तमान में एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। पशु मालिकों द्वारा जो पशु कृषि उपयोगी नहीं है या दूध नहीं देती है उन्हें रोड में आवारा स्थिति में छोड़ दिया जाता है जिससे एनएच 43 एवं अन्य प्रमुख मार्गों में झुंड बनाकर खड़े रहते है या बैठे रहते है। ऐसे में आवागमन पूरी तरह से बाधित होता ही है साथ ही आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। संबंधित विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत, पशु विभाग एवं अन्य कोई संस्थान इस ओर कोई ध्यान नहीं देते है। कई बार शिकायतों के बावजूद भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी है। पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायतों में गौठान बनवाया गया है लेकिन उसके पश्चात भी उन गौठानों का कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है। गौठानों की स्थिति भी दयनीय हो गई है। एनएसयूआई ने इस दिशा में ठोस एवं सकारात्मक कदम उठाने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई के रुद्र प्रताप सिंह, शिवम साहू, प्रदेश सहसचिव लिवनेश सिंह, रेहान, विष्णु साहू, सोमू खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आयुष विभाग ने शिविर में किया मरीजों का उपचार




**सीतापुर।** स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने बाजारडांड में विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर समेत क्षेत्र से आए कुल 356 मरीजों का उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस संबंध में शिविर प्रभारी डॉ. एए अंसारी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। खान पान एवं रहन सहन में बदलाव लाकर कैसे अपने आप को स्वस्थ रख सके इस बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान शिविर में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. आशा टोप्पो, डॉ. गुणनिधि सिंह, डॉ. संतोष टोप्पो, डॉ. मनीषा कंवर, फार्मासिस्ट भानु सिदार, सुनीता एक्का, एचएन साहू, एसके श्रीवास, राजेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### गायत्री देवी



**बिश्रामपुर।** रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर निवासी गायत्री देवी पति स्व. सुधार राम चौरसिया का 78 वर्ष की आयु में गत दिनों निधन हो गया।बताया गया कि पिछले दिनों वह अपने बड़े पुत्र विनोद चौरसिया के पास मिलने पोड़ी चिरमिरी गई हुई थी,इसी दौरान उन्हें तेज पेट दर्द की शिकायत के बाद जांच हेतु चिकित्सक के पास ले जाया गया, कुछ देर बाद उन्हें हृदयाघात हो गया और उनकी मृत्यु हो गई।उनका अंतिम संस्कार पोड़ी चिरमिरी स्थित मुक्तिधाम में किया गया।स्व.गायत्री देवी विनोद चौरसिया,सुनील चौरसिया व राजेश चौरसिया की माता थीं।

### पैथोलॉजी विभाग में संचालित है हिस्टोपैथोलॉजी लैब

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो रही बायप्सी जांच, छह महीने में मिले 101 कैंसर मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- सरगुजा में लागातार बढ़ रहे कैंसर के मरीज

मेडिकल कॉलेज अस्पताल का हिस्टोपैथोलॉजी लैब अब कारगर साबित हो रहा है। पैथोलॉजी विभाग के अंतर्गत संचालित हिस्टोपैथोलॉजी में बड़े बायप्सी टेस्ट कि सुविधा उपलब्ध होने के बाद से लोगों को बड़ी सुविधा मिल गई है। अब लोगों को इस गंभीर बीमारी की जांच के लिए बाहर जाने और मोटी रकम खर्च करने कि आवश्यकता नहीं पड़ रही है।हिस्टोपैथोलॉजी लैब में महज छह महीने में ही 101 मरीजों में कैंसर की पुष्टि होने के बाद उनका उपचार शुरू हो पाया है।

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना 2016 में की गई और वर्ष 2019 में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में हिस्टोपैथोलॉजी लैब की स्थापना कर दी गई थी। इस लैब की स्थापना होने के बाद अब अस्पताल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की जांच संभव हो पाई है और मरीजों को अब इस जानलेवा बीमारी की जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। हिस्टोपैथोलॉजी लैब में बायप्सी टेस्ट के जरिए कैंसर का पता लगाया जाता है। बड़ी बात यह है की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इस जांच कि सुविधा महज 150 रूपए में हो जाती है जबकि इसी जांच के लिए निजी अस्पताल में 12 से 15 सौ रुपए तक लग जाते है। इसमें भी राशि का निर्धारण बायप्सी हेतु लिए गए टिशु के आधार पर किया जाता है। आंकड़ों पर नजर डाले तो हिस्टोपैथोलॉजी लैब में लगातार कैंसर के मरीजों के सैम्पल आ रहे है और उनमें कैंसर कि पुष्टि हो रही है। वर्ष 2024 में हिस्टोपैथोलॉजी लैब में 1272 सैम्पल कि जांच में 196 सैम्पल में कैंसर की पुष्टि हुई है जबकि वर्स 2025 में अब तक 886 सैम्पल कि जांच में 101 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है।



लैब में जांच करते चिकित्सक।

### पांच प्रक्रियाओं से होती है बायप्सी जांच

विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार हिस्टोपैथोलॉजी लैब में बायप्सी की जांच 5 प्रक्रियाओं से होकर गुजरती है। इसमें सबसे पहले सैम्पल की ग्रोसिंग की जाती है। ग्रोसिंग के दौरान सैंपल की नग्न आंखों से ही जांच कर यह तय किया जाता है की सैम्पल के किस हिस्से की जांच की जाती है। यहां से सैंपल के टिशु को प्रोसेस किया जाता है फिर माइक्रो टोम में सेक्शन काटा जाता है और फिर इसकी स्टेनिंग कर स्लाइड तैयार किया जाता है। तैयार किए गए स्लाइड में कैंसर टिशु की जांच माइक्रोस्कोप के जरिए की जाती है। बड़ी बात यह है कि हिस्टोपैथोलॉजी लैब में जिस माइक्रो स्कोप का उपयोग किया जाता है उसमें किसी भी टिशू के आकार को 1 हजार गुना तक बढाने की क्षमता है।

### एक हफ्ते में मिलती है रिपोर्ट

हमारे यहां पैथोलॉजी विभाग में हिस्टोपैथोलॉजी लैब संचालित है। इस लैब में बायप्सी जांच की सुविधा उपलब्ध है। इस लैब में नियमित रूप से जांच चल रही है। जांच की रिपोर्ट एक सप्ताह में उपलब्ध हो जाती जिससे कई मरीजों को राहत मिली है।

-डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक



## नेशनल किक बॉक्सिंग में सरगुजा ने 2 स्वर्ण समेत जीते चार पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रायपुर में आयोजित सीनियर नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार पदक हासिल किया है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीता है।

बता दें कि रायपुर में 16 से 20 जुलाई तक सीनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। वाको इंडिया और किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के 12 सौ खिलाड़ियों ने हिस्स लिया। इस प्रतियोगिता में 56 किलोग्राम वर्ग में स्वाति रजवाड़े व 51 किलोग्राम वर्ग में सरवर एक्का ने स्वर्ण पदक हासिल किया है जबकि 48 किलोग्राम वर्ग में संजना मिंज व 40 किलोग्राम वर्ग में प्रीती पैकरा ने कांस्य पदक जीता है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर सरगुजा जिला किकबॉक्सिंग संघ के पदाधिकारियों और जिलेवासियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा से आयुष्मान शबनम व माही का राज्य की टीम में चयन

राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ की टीम में सरगुजा के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी यूपी ने आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में शामिल होंगी। 14 वीं सेन्ट्रल जोन नेशनल नेटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 26 से 28 जुलाई तक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हो रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम शामिल हो रही है और प्रदेश की टीम में सरगुजा नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सरगुजा से बालक वर्ग से आयुष्मान यादव एवं बालिका में माही मंसूरी, शबनम नाज का चयन हुआ है। दोनों बालिका शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर की छात्रा हैं। खिलाड़ी नियमित रूप से गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड में अभ्यास करते हैं। सरगुजा नेटबॉल खिलाड़ी लगातार जिले व राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। सरगुजा जिला से चयनित तीनों खिलाड़ियों को नेटबॉल संघ के सचिव रजत सिंह, सौरभ सिन्हा, गौरव सिंह, केपी सिंह, निशांत सिंह गोल्डी, खुशबू गुप्ता के साथ जिला नेटबाल संघ परिवार व सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### नकना में दो हाथियों के आने से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग कर रहा सचेत

**बतौली/सेदम।** बतौली के ग्राम नकना जंगल में दो हाथियों के आ जाने से ग्रामीणों में दहशत है। दोनों हाथी फिलहाल जोबलापारा जंगल में है। इधर वन विभाग ग्रामीणों को हाथी की सूचना व सतर्कता के साथ रहने समझाइश दिया जा रहा है। बतौली क्षेत्र में हाथियों का विचरण लगातार किया जा रहा है जो कभी बतौली सीमा क्षेत्र तो कभी बतौली से सटे जशपुर के सीमा क्षेत्रों में विचरण करते रहते है। आज बतौली के दूरस्थ ग्राम पंचायत नकना के जोबला पारा जंगल में दो हाथी पहुंच गए। बताया जा रहा है कि दोनों हाथी जशपुर क्षेत्र से आए है। इधर हाथियों के जोबलापारा जंगल में डटे रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि वन विभाग की टीम मुस्तैद होकर ग्रामीण को रात के समये बाहर नहीं निकले की समझाइश दे रहे है। साथ ही जंगल में जाने से भी मना कर रहे है।

### एक हजार रुपए में मोबाइल से तैयार कर दिया फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र

**अंबिकापुर।** पुलिस ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने महज एक हजार रुपए में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बना दिया जिसका उपयोग कर जालसाजों ने लोन के एवज में इंश्योरेंस की राशि हड़प ली। धौरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जोरी निवासी धनीराम कि पत्नी लालो बाई ने वर्ष 2021 में स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कि शाखा शंकरगढ़ से 72 हजार रुपए का लोन लिया था और महिला समय पर लोन की किश्त भी जमा कर रही थी। इस दौरान फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार खांडे व कर्मचारी संजय कुमार साहू ने साजिश के तहत लोन में नामित व्यक्ति महिला की पत्नी धनीराम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर लोन बंद करवा दिया और लोन खाते में प्राप्त हुई इंश्योरेंस की रकम 18 हजार रुपए को महिला लालो बाई को झूल बोलकर आहरित कर लिया था। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद धनीराम ने 29 सितम्बर 2024 को पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने मामले में स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार खांडे एवं अन्य कर्मचारी संजय कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। दौरान ही आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने झारखंड के गढ़वा अंतर्गत रंका निवासी कंचन विश्वकर्मा को 1 हजार रुपए देकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया था और उसी फर्जी प्रमाण पत्र को लोन आईडी में समायोजित कर लोन बंद कराया और बीमा की राशि हड़प ली। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे आरोपी रंका तमगेकला निवासी 24 वर्षीय कंचन विश्वकर्मा आ. मनोज विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने मोबाइल फोन से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की बात स्वीकार की। आरोपी ने मोबाइल फोन में मृत्यु प्रमाण पत्र को एडिट कर 1 हजार रुपए में अपने दोस्त को बेच दिया था। इस मामले में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल को जब्त करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



## नशीली टेबलेट और कफ सीरप के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने मुखबिर की सूचना पर घर से नशीली टेबलेट व कफ सीरप बिक्री कर रहे युवक को पकड़ा। टीम ने युवक के घर से बड़ी मात्रा में नशीली टेबलेट व कफ सिरप जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि चौकी बसदेई सिरसी निवासी धर्मेंद्र कुशवाहा अपने घर में भारी मात्रा में नशीला टैबलेट और कफ सिरप रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने धर्मेंद्र कुशवाहा के घर दबिश देकर तलाशी ली तो घर से 40 नग कफ सिरप, व 1 हजार 76 नग नशीले टैबलेट जब्त किया। टीम ने नशीला टेबलेट व कफ सीरप को जब्त कर आरोपी धर्मेंद्र कुशवाहा गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई प्रदीप वर्मा आबकारी उप निरीक्षक द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र रात्रे, पारसनाथ गुप्ता, कृष्णा कुशवाहा, मेवालाल सोनवानी, आरक्षक कमलेश्वर राजवाडे, महिला नगर सैनिक बिंदु राजवाडे, नगर सैनिक राकेश कुशवाहा सक्रिय रहे।



## एसईसीएल के सूने आवास को चोरों ने फिर बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जेएमक्यू कालोनी स्थित आवास से नगदी समेत जेवरात हुए पार
- ताला लगे हुए क्वार्टरों की हो रही सटीक रेकी

सटीक रेकी करने पश्चात अज्ञात बदमाशों ने फिर से सूने कम्पनी आवास में घुसकर हाथ साफ कर दिया है, इस बार अज्ञात चोरों ने जेएमक्यू कालोनी में धावा बोलकर नगदी समेत जेवरात को पार कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि एसईसीएल आवासीय जेएमक्यू क्वार्टर नंबर 46 निवासी अरविंद सिंह पिता स्व. बृजमोहन सिंह गत दिनों 19 जुलाई को परिवार समेत अपने पुत्र के पास मनेंद्रगढ़ मिलने गए हुए थे। इसी दौरान 24 जुलाई को पड़ोसियों ने क्वार्टर के दरवाजे का ताला टूटे होने पर चोरी की आशंका जताते हुए मोबाइल पर प्रार्थी अरविंद सिंह को सूचना दी। सूचना पर प्रार्थी ने यहां आकर देखा तो पाया कि अज्ञात चोरों ने सूने मकान में प्रवेश कर अलमारी में रखे करीब पांच हजार रुपए नगदी समेत सोने का मंगलसूत्र, सोने का कान का टॉप्स 1 सेट व अन्य सामानों को चोरी कर ली है।प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## मगरिहा नाला में बही बच्ची का नहीं चल पाया पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- रोका गया तलाशी अभियान

अपने तीन माह की दूधमुंही बच्ची को लेकर मगरीहा नाला पार कर रही महिला की गोद से तेज लहरों में जा गिरीमासूम बच्ची का आज नौ दिन गुजरने बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। दो बार चले रेस्क्यू अभियान के बाद अब रेस्क्यू ऑपरेशन को बंद कर दिया गया है।

गौरतलब है कि ग्राम गेतरा निवासी सरिता नामक महिला अपने तीन माह की बच्ची को लेकर बुधवार 17 जुलाई को मगरीहा नाला पार कर रही थी, इस दौरान उफान भरी तेज बहाव लहरों में महिला का पैर अचानक पानी में लड़खड़ाया और फिर उसके गोद में पड़ी तीन माह की बच्ची लहरों में समा गई।घटना की सूचना पर जिला नगर सेना की डीडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच पूरे दिन नवजात को खोजने तलाशी अभियान चलाया लेकिन कहीं पता नहीं चलने व अंधेरा हो जाने के बाद तलाशी अभियान रोकना पड़ा, इसके बाद पुनः दूसरे दिवस तलाशी अभियान चला लेकिन फिर भी बच्ची का पता नहीं चल पाया, उक्त तलाशी अभियान में लगी टीम नाला के बहाव स्थल और नदी को जोड़ने वाले स्थान तक पता तलाश की।दो दिन के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद अब तलाशी रोक दी गई है।कुछ समय के लिए बारिश रुकने के बाद नदी नालों का जलस्तर भी घटा लेकिन आज पर्यंत बच्ची का शव बरामद नहीं किया जा सका है।

### स्थानांतरित प्राचार्य को यथावत रखने की मांग लेकर छात्र कर रहे आंदोलन

**भैयाथान।** पंडित रविशंकर त्रिपाठी महाविद्यालय के छात्र नए प्राचार्य की पदस्थापना को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते का स्थानांतरण होने के बाद सीबी मिश्रा को नया प्राचार्य पदस्थ किया गया है। नए प्राचार्य का नाम सुनते ही महाविद्यालय के छात्र विरोध में धरना पर है। तीन वर्ष पूर्व श्री मिश्रा महाविद्यालय के प्राचार्य थे। छात्रों का आरोप है कि इस दौरान शिक्षा का स्तर काफी खराब हो गया था तथा 71 में से 70 छात्र फेल हो गए थे। महाविद्यालय की किरकिरी होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने उन्हें हटाकर रंजीत कुमार सातपुते को प्राचार्य बनाया था। गुरूवार को महाविद्यालय के छात्रों ने एसडीएम सागर सिंह को प्राचार्य को यथावत करने की मांग लेकर ज्ञापन सौंपा है। छात्रों ने बताया कि श्री मिश्रा के कार्यकाल के दौरान लगातार शिकायतें हो रही थी। छात्रों से दुर्व्यवहार करने की शिकायत पर उनका स्थानांतरण किया गया था।



## संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

शुक्रवार को गणेशपुर पुहपुटरा अमेरा संकुल केंद्र में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए। अतिथियों नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया। नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया।

इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि स्कूली बच्चे मोबाइल का समय पर उपयोग करें और अपनी दिनचर्या में खेलकूद और योगाभ्यास अपनाए। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल के शिक्षक शिक्षकों से कहा कि स्कूल की छुट्टी होने से पूर्व स्कूली बच्चों को योगाभ्यास पीटीआई सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियां कराई जाए जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि कला सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने संबोधित किया। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सनी बंसल, विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, बीईओ देव प्रसाद गुप्ता, एबीईओ मनोज तिवारी, बीआरसी दीपेश पांडे, घरबरन राजवाड़े, सूरज राजवाड़े, इंद्रजीत राजवाड़े, प्रदीप सिंह, अनिल राजवाड़े, मुकेश ठाकुर, कृपा शंकर राजवाड़े, नरेंद्र राजवाड़े, रविंद्र सेन, संस्था प्रमुख एमएस पैकरा, इलियास खलखो, सुमेधा तिवारी, संकुल समन्वयक संकेत गिरी, अस्मत अली, परशुराम सिंह, विशंभर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411